तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, 17 मार्च 2025

11 वार्ड-तीन में तीन करोड़ 30 लाख रुपये से होगा...

12 कक्षा पहली से पांचवी के बच्चों की परीक्षा आज से शुरू

## खबर संक्षेप

### रोजला गांव में तीन घायल, 12 पर केस

**सफीदो।** रोजला गांव में होली के दिन दो गुटों के झगड़े में तीन लोग घायल हो गए। इस गांव के रोहित की शिकायत पर सफीदों पुलिस ने 12 लोगों पर केस दर्ज किया है। जिसमें प्रशांत, निशांत, निखिल, करतार, विकेश, मनदीप, वीरेंद्र, दीपक, विनोद, सूर्यपाल, आशीष व कर्मपाल को नामजद किया गया है। रोहित ने बताया कि उसे उसके चचेरे भाई अंकित ने बताया कि नहर की पटरी पर उसके गांव के ही प्रशांत ने उससे मारपीट की है। जब वह प्रशांत के घर कारण पूछने गया तो उसने अचानक पीछे से आकर कान काट लिया। फिर उसे छुड़ाने के लिए आए परिवार के पवन, जयकुमार व पिता जय भगवान के साथ सभी आरोपितों ने मारपीट करके घायल कर दिया। घायलों को सिविल अस्पताल से पीजीआई खानपुर रेफर कर दिया।

### कुरूक्षेत्र में 18 से 1008 कुंडीय महायज्ञ होगा

**जींद।** कुरूक्षेत्र में 18 मार्च से 27 मार्च तक 1008 कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ आयोजित होगा। यह महायज्ञ कुरूक्षेत्र के नेहरू पार्क में चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के सान्निध्य में आयोजित होगा। उचाना महायज्ञ संयोजक अनिल शर्मा, राजू शर्मा ने बताया कि जीवन में यज्ञ का महत्व है। यज्ञ को लेकर निरंतर लोगों को प्रेरित करने के लिए यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज 101 कुंडीय महायज्ञ कर चुके है। हवन से पर्यावरण जो दूषित हो रहा है वो दूषित होने से बचेगा। धर्म नगरी कुरूक्षेत्र इस महायज्ञ का साक्षी बनेगा। उचाना से महायज्ञ में सबसे अधिक भागीदारी होगी। 18 मार्च से 27 मार्च तक महायज्ञ होगा।

### ट्रक में से छह बोरी चावल चोरी, केस दर्ज

**सफीदो।** सफीदों पुलिस ने ट्रक से चावल की बोरिया चोरी होने का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव होशियारपुरा निवासी धर्मेंद्र ने कहा कि 13 मार्च को श्री श्याम राइस मिल गांव रत्तक (करनाल) से चावल की गाड़ी लोड होकर ड्राईवर राकेश निवासी गांव होशियारपुरा ने गाड़ी सफीदों के गांव जयपुर के पास बालाजी फिलिंग स्टेशन पर खड़ी करके घर चला गया। उसके बाद 15 मार्च की सुबह करीब साढ़े 7 बजे वह गाड़ी के पास आया तो देखा कि गाड़ी पर लगे तिरपाल की कुंडी हटी हुई थी और ट्रक में से 6 कट्टे चावल चोरी हुए मिले।

### आरोही मॉडल स्कूल में प्रवेश परीक्षा 26 को

**जींद।** आरोही मॉडल स्कूल घासो खुर्द उचाना में प्रवेश परीक्षा 26 मार्च को आयोजित की जाएगी। इसमें कक्षा छठी, सातवीं, आठवीं, नौंवी व 11वीं कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा होगी। यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो गुणवत्तापूर्ण एवं अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा सरकारी स्कूलों की नाममात्र फीस के अनुरूप प्राप्त करना चाहते हैं। प्राचार्य डा. विशाल अग्रवाल ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी 25 मार्च दोपहर 2:30 बजे तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव बिशनपुर के निकट तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने फरार पिकअप चालक पर केस दर्ज किया है। गांव बीबीपुर निवासी जसवीर बाइक पर सवार होकर गांव बिशनपुर से गांव घीमाना की तरफ जा रहा था। बिशनपुर रेलवे फाटक से निकलते ही सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें जसवीर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने जसबीर को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। सदर थाना पुलिस ने घायल जसवीर के चचेरे भाई रोहित की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

# आम बजट आज: आमजन को महंगाई से राहत की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को वित्त मंत्री के तौर पर सोमवार को पहला बजट पेश करेंगे। प्रदेश की जनता को उम्मीद है कि चुनाव के दौरान सरकार ने जो-जो वादे किए थे, उन्हें सरकार द्वारा बजट के माध्यम से पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश का हर वर्ग इस बजट से यह आस लगाए हुए कि महंगाई कम होगी। व्यापारी चाते हैं कि प्रदेश में लगने वाले व्यापार टैक्स में छूट मिले। महिलाएं चाहती हैं कि जो 2100 रुपये की घोषणा सरकार ने की थी, उसे पूरा किया जाए। वहीं युवा चाहता है कि रोजगार के अवसर पैदा हों। इसके अलावा किसान भी बजट से सबसे ज्यादा उम्मीद लगाए हुए है कि सरकार ऋण माफी के लिए कुछ न कुछ प्रावधान बजट में करेगी। अब यह तो सोमवार को ही पता चल पाएगा कि हरियाणा प्रदेश की जनता की बजट से जो उम्मीदें थी, वो पूरी होती हैं या नहीं।

### महिलाओं को 2100 देने का वादा पूरा करे सरकार

गृहणी मनीषा ने कहा कि सरकार ने घोषणा की थी कि महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये मिलेंगे। इसलिए सरकार इस बजट में महिलाओं को 2100 रुपये देने का प्रावधान करे। इससे महिलाओं को अपने छोटे-मोटे खर्च पूरा करने में आर्थिक मदद मिलेगी। इसके अलावा गैस सिलेंडर पर भी छूट बढ़ा दी जाए। बेटियों की शिक्षा के लिए भी बजट बढ़ाना चाहिए। जिससे बेटियों सभी प्रकार के कोर्स निशुल्क कर सकें और उन्हें किसी प्रकार की राशि देने की जरूरत न पड़े।

### किसानों के ऋण माफी के लिए प्रावधान हो

किसान नेता फूल सिंह ने कहा कि प्रदेश की नायाब सैनी सरकार किसानों के ऋण माफी के लिए इस प्रदेश के बजट में प्रावधान करे। मंडियों में फसल समय पर बिकनी चाहिए और पेमेंट भी साथ के साथ होनी चाहिए। किसानों के लिए लाभकारी बजट पेश किया जाए ताकि किसानों का जीवन सुधर सके। किसानों की केसीसी लिमिट को भी माफ किया जाना चाहिए। क्योंकि किसान कर्जे में हैं, जो फसलें होती हैं, उनमें खर्च ही मुश्किल से निकलता है। इससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

किसान नेता फूल सिंह।

### व्यापारियों को टैक्स पर अतिरिक्त छूट दी जाए

व्यापारी नेता राजकुमार गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार सोमवार को बजट पेश करने जा रही है। सरकार को चाहिए कि व्यापारियों को ध्यान में रख कर बजट पेश किया जाए। क्योंकि व्यापारी ही सबसे ज्यादा टैक्स सरकार को देते हैं। इसलिए हरियाणा प्रदेश में व्यापारियों को व्यापार में टैक्स पर अतिरिक्त छूट दी जाए।

व्यापारी नेता राजकुमार गोयल।

### औद्योगिक क्षेत्र घोषणा पूरा करने का प्रावधान

व्यापारी नेता महावीर कंप्यूटर ने कहा कि जींद में कोई भी बड़ा उद्योग नहीं है। सरकार बजट में जींद के लिए विशेष औद्योगिक क्षेत्र की जो घोषणा है, उसे पूरा करने का प्रावधान करे। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार विशेष योजनाएं लाए। मार्केट फीस को कम किया जाए और फिक्स चार्जेज को भी खत्म करना चाहिए। जो टैक्स हैं, उनमें छूट देनी चाहिए।

व्यापारी नेता महावीर कंप्यूटर।

### कैथल में मंदिर व दरगाह से दानपात्र तोड़कर नकदी चुराई

**कैथल।** संजोग पैलेस के साथ वाली मार्केट में बने मंदिर व दरगाह से चोरों ने दानपात्र तोड़कर हजारों रुपये नकदी चोरी कर ली। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पुजारी श्याम ने बताया कि दानपात्र में करीब तीन महीने से एकत्रित दान की राशि थी। दानपात्र में 10 से 15 हजार थे। आरोपी छत पर चढ़ गया और ऊंचाई ज्यादा होने के कारण फिर सीढ़ियों से वापस आ गया। आरोपी ने कैमरे बंद करने का भी प्रयास किया, सफल नहीं हुआ। पुजारी ने बताया कि उसे एक युवक पर शक है, जो कई बार यहां माथा टेकने के लिए आता है, लेकिन उसका नाम-पता नहीं जानता है। पुजारी ने बताया कि इससे पूर्व भी मंदिर व दरगाह में कई बार चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। एक बार चोर यहां से मंदिर का गेट चोरी कर ले गए थे। इससे पहले मंदिर में प्रतिमाओं के शीशे पर लगाए गए एल्युमीनियम के गेट चोरी हो गए थे। चोर पीतल का दीपक चोरी कर ले जा चुके हैं।

- पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड

## दोनों ने अवैध संबंधों में बाधा बनने पर ठिकाने लगाया

# मां के इशारे पर ही ताऊ ने मासूम का अपहरण कर नहर में फेंका था जिंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव छात्तर से मासूम का अपहरण अवैध संबंधों में बाधा बनने पर उसकी मां के इशारे पर ताऊ ने किया था। मासूम को जिंदा नहर में फेंक दिया। उचाना थाना पुलिस ने मृतक मासूम की आरोपित मां तथा आरोपित ताऊ को अदालत में पेश किया।

जहां से आरोपित ताऊ को तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है जबकि मां को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाया तो मृतक मासूम के ताऊ सोनू का नाम सामने आया। पुलिस ने जब सख्ती से सोनू से पूछताछ की तो उसने मासूम का अपहरण कर जिंदा नहर में फेंकने की बात को स्वीकार कर लिया। आरोपित ने बताया कि उसके मृतक मासूम की मां से अवैध संबंध थे। बालक अवैध संबंधों में बाधा बन रहा था। जिसके चलते मासूम की मां के साथ मिल कर ठिकाने लगाने योजना बनाई। फिर 13 मार्च को वारदात को अंजाम भी दे दिया।

### नहीं आई दोनों दया: कलंकित की ममता

जींद। मृतक यश का फाइल फोटो। फोटो :हरिभूमि

### क्या था मामला

गांव छात्तर निवासी अमित के डेढ़ वर्षीय बेटे यश का 13 मार्च को गली में खेलते समय बाइक सवार व्यक्ति ने अपहरण कर लिया था। आरोपित का ग्रामीणों में पीछा भी किया लेकिन वह गांव थुआ की तरफ फरार हो गया। पुलिस ने मासूम के पिता अमित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। 14 मार्च शाम को गांव बडनपुर के निकट सिरसा ब्रांच नहर से मासूम का शव बरामद हो गया।

### जानकार का ले गया था बाइक मांग कर

आरोपित सोनू गांव के ही जानकारी का कुछ समय के लिए बाइक मांग कर लाया था। मासूम को उसकी मां ने गली में खेलने के लिए भेज दिया। इसके बाद सोनू मासूम को बाइक पर बैठा कर अपने साथ ले गया। मासूम को बाइक पर साथ ले जाते हुए कुछ ग्रामीणों ने भी सोनू को देखा था। आरोपित मासूम को नहर में फैंक कर घर लौट आया और बाइक भी उसके मालिक को दे आया। फिर मासूम के अपहरण की सूचना देने अपने भाई के साथ थाने में भी पहुंचा था। मासूम को तलाशने के लिए परिजनों के साथ भी उसे तलाश्त रहा और उसकी मंशा पर किसी को संदेह भी नहीं हुआ।

**आरोपित ताऊ को पुलिस ने लिया तीन दिन के रिमांड पर, जबकि आरोपित मां को भेजा न्यायिक हिरासत में जेल**

### दोनों ने हत्या का षडयंत्र रचा था: जांच अधिकारी

उचाना थाना के जांच अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया मृतक मासूम की मां ने अपने जेठ के साथ मिल कर हत्या का षडयंत्र रचा था। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपित ताऊ को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। जबकि आरोपित मां को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## दिन में भरे नामांकन, शाम को सभी ने लिए वापस

# कैथल में भाजपा जिलाध्यक्ष की दौड़ शुरू, आज फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष की दौड़ शुरू हो गई है। इसके तहत रविवार को कपिल कमल कार्यालय में दो महिला सहित 44 उम्मीदवारों ने पहले तो आवेदन कर दिया, लेकिन बाद में सभी उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिए। हालांकि आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की सूचना प्रदेश कार्यालय में उम्मीदवारों की सूची भी भेज दी गई है। अब सोमवार सुबह के भाजपा के कपिल कमल कार्यालय में बैठक करने के बाद पार्टी के नए जिलाध्यक्ष की घोषणा कर दी जाएगी।

बता दें कि पार्टी के जिलाध्यक्ष के लिए आवेदन करने के लिए पार्टी का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि नए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा को और मजबूती मिलेगी और संगठनात्मक स्तर पर पार्टी का विस्तार होगा। अब सबकी निगाहें सोमवार की सुबह 10 बजे होने वाली आधिकारिक घोषणा पर टिकी है। जब भाजपा का नया जिला अध्यक्ष सामने आएगा। जिला चुनाव अधिकारी रवि बतान और कैथल प्रभारी अमरपाल राणा की उपस्थिति में आवेदन पत्र जमा किए। जिला महामंत्री सुरेश संधू और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल सह चुनाव अधिकारी के रूप में आवेदन प्रक्रिया का संचालन कर रहे हैं।

जिला चुनाव अधिकारी रवि बतान ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए 44 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, लेकिन बाद में सभी उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिए हैं। जिन नेताओं ने आवेदन किया था, वे सभी पार्टी में लंबे समय से सक्रिय हैं और अलग-अलग पदों पर अपनी जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। अब सोमवार को जिलाध्यक्ष बनाने पर फैसला पार्टी के हाईकमान की ओर से किया जाना है।

फार्म जमा करवाते नेता व कार्यकर्ता।

**कैथल।** जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### इन्होंने नाम लिया वापस

मुनीष कठवाड़
राज रमन दीक्षित
देवेंद्र पांचाल
यशपाल प्रजापति
संजय भारद्वाज
रविंद्र तंवर
प्रवीण प्रजापति
सुरेंद्र गर्ग बिट्टू
भगवान दास बंसल
रामपाल राणा
राजेंद्र सिरसल
राजेंद्र पाटिल
शमशेर नौच
अजीत चहल
रवि भूषण गर्ग
कृष्ण पिलनी
विजय भारद्वाज
जसवंत पठानिया
राजपाल तंवर
सुनील कालड़ा
विरेंद्र छौत
सलिंद्र
राजेश पिंटू
अशोक सैनी
धर्मेंद्र वाल्मीकि
सुभाष मूंदड़ी
शीशपाल जिंदल
राजबीर कादयान
भीम सैन
धीरेंद्र क्योड़क
महीपाल राणा
रामपाल शर्मा
ज्योति सैनी
विरेंद्र बत्रा
संदीप शर्मा
क्योड़क
मैनेजर कश्यप
मेवा सिंह
निधि मोहन
सतीश शर्मा सिरटा

## साढ़े छह करोड़ की राशि का होगा वितरण, सभी पार्षदों की मांग के अनुसार समान रुप से होगा वितरण

# कल होगी जिला परिषद की ग्रांट वितरण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिषद की विकास कार्यों को लेकर 18 मार्च को हाउस की बैठक होने जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्षा मनीषा रंधावा करेंगी। जिला परिषद के पास साढ़े छह करोड़ से ज्यादा की राशि कोष में है, जो विकास कार्यों के लिए खर्च की जाएगी। बैठक में वित्त वर्ष में होने वाले विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की जाएगी और सरकार से बजट की मांग भेजी जाएगी।

गत वर्ष छह दिसंबर को चेयरपर्सन मनीषा रंधावा ने बजट वितरण के लिए बैठक बुलाई थी। इस बैठक के होने से पहले ही वाइस चेयरमैन समेत 18 विरोधी पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया था और मनीषा रंधावा को कुर्सी से हटाने के लिए अविश्वास जता दिया था। तीन बैठकें रद्द होने के बाद 24 फरवरी को बैठक बुलाई गई। इस बैठक से पहले मनीषा रंधावा और उनके पति कुलदीप रंधावा भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद विरोधी गुट ने अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग नही की। इससे अविश्वास प्रस्ताव गिर गया। अविश्वास प्रस्ताव गिरने के बाद चेयरपर्सन ने बजट वितरण के लिए बैठक बुला ली। अब अगले एक साल तक विरोधी पार्षद अविश्वास प्रस्ताव नहीं ला सकते हैं। जिला परिषद अध्यक्ष मनीषा रंधावा ने बताया कि उनकी प्राथमिकता सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाना है। विकास कार्यों को लेकर 18 मार्च को हाउस की बैठक बुलाई गई है। इसमें बजट वितरण को लेकर चर्चा की जाएगी।

### वार्ड की अनदेखी नहीं होगी: रंधावा

जिला परिषद अध्यक्ष मनीषा रंधावा ने कहा कि सरकार की समान विकास की सोच के अनुरूप काम करवाया जाएगा। किसी भी वार्ड की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। जिले का विकास ही प्राथमिकता है। इसमें पार्षदों की मांग के अनुसार बजट समान रुप से दिया जाएगा।

जिप अध्यक्षा मनीषा रंधावा।

**पिछले साल जून में हुई थी बैठक:** जिला परिषद की ग्रांट वितरण की बैठक पिछले साल जून माह में हुई थी। इसके बाद दिसबंर में बैठक बुलाई गई थी। यह बैठक रद्द होने के कारण ग्रांट वितरण नहीं हो सका था। अब 18 मार्च को होने वाली बैठक में सभी वार्डों के विकास के लिए पार्षदों को सामान ग्रांट दी जाएगी।

## कैथल में हार के बाद भाजपा का बड़ा फैसला

# निर्दलीय चेयरमैनों को नहीं बनाएंगे पार्टी का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा में हाल ही में संपन्न हुए नगर पालिका चुनावों में भाजपा को कैथल जिले में करारी हार का सामना करना पड़ा। कलायत, पुंडरी और सीवन में तीनों जगह पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी चुनाव हार गए। इसके बाद अब भाजपा हाईकमान ने निर्दलीय चेयरमैनों के लिए पार्टी के दरवाजे बंद करने का सख्त फैसला लिया है।

कैथल भाजपा जिला प्रभारी अमरपाल राणा ने स्पष्ट किया कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि जो निर्दलीय उम्मीदवार भाजपा प्रत्याशियों को हराकर चुनाव जीते हैं, उन्हें भाजपा में शामिल नहीं किया जाएगा और न ही उन्हें पार्टी का पटका पहनाया जाएगा। इस फैसले के पीछे पार्टी की मंशा यह है कि भविष्य में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों को मजबूत समर्थन मिले और पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा बना रहे।

### सीएम कह चुके

सिर्फ कमल का फूल ही भाजपा का नजदीकी नगर पालिका चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सीवन में भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल के समर्थन में प्रचार करते हुए कहा था कि हमारा कोई नजदीकी नहीं है, सिर्फ कमल का फूल हमारा है। अगर निर्दलीय को चेयरपर्सन बनाओगे तो भाजपा में उनकी एंट्री नहीं होगी। उनके लिए पार्टी के दरवाजे बंद हैं।

### पालिका चुनाव में भाजपा की हार से कार्यकर्ताओं में निराशा

कैथल की तीनों नगर पालिका सीटों पर भाजपा की हार ने पार्टी कार्यकतार्ओं को झटका दिया है। कार्यकतार्ओं का मानना है कि भाजपा प्रत्याशियों को अंदरूनी गुटबाजी और निर्दलीय उम्मीदवारों की मजबूत पकड़ के कारण हार का सामना करना पड़ा। अब भारतीय जनता पार्टी हाईकमान इस हार की गहराई से समीक्षा करने जा रहा है ताकि आने वाले चुनावों में बेहतर रणनीति बनाई जा सके।

### कैथल निकाय चुनाव में इनकी हुई जीत

- सीवन से चेयरपर्सन हेमलता सैनी 263 वोटों से जीती।
- कलायत में चेयरमैन अंकित जैलदार 2950 वोटों से जीते।
- पूंडरी में चेयरपर्सन बबली गोस्वामी 1329 वोटों से जीती।

### समीक्षा बैठक आज

कैथल की तीनों नगर पालिका चुनावों में हार के बाद भाजपा ने पंचकूला में समीक्षा बैठक बुलाने का फैसला किया है। इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और जिला चुनाव अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में हार के कारणों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## यात्री काफी समय से रूट पर बस चलाने की कर रहे थे मांग

# अलेवा से उचाना के लिए बस फिर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यात्रियों की मांग पर रोडवेज अधिकारियों ने अलेवा से उचाना के लिए बस शुरू की है। इससे नौ से अधिक गांव के लोगों को फायदा होगा। पहले बस जींद से अलेवा के लिए सुबह सात बजे रवाना होगी। जो कंडेला, शाहपुर और नगूरां होते हुए अलेवा पहुंचेगी। फिर अलेवा से सुबह आठ बजे उचाना के लिए बस चलेगी। जो नगूरां, शाहपुर, धनखड़ी, भौंसला, कहसून, घोघडिय़ा, रोजखेड़ा, बड़ौदा होते हुए उचाना पहुंचेगी। इसके बाद नौ बजे उचाना से चलकर वाया धनखड़ी होते हुए बस जींद पहुंचेगी। फिर जींद से अलेवा के लिए दोपहर एक बजे बस चलेगी। उसके बाद अलेवा पहुंच कर दो बजे बस उचाना के लिए रवाना होगी। फिर दोपहर बाद तीन बजे बस उचाना से धनखड़ी होते हुए जींद के लिए रवाना होगी। ऐसे में यह बस चलने पर विद्यार्थियों सहित अन्य ग्रामीणों को फायदा होगा। तत्कालीन डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने ग्रामीणों की मांग पर अलेवा से उचाना के लिए बस शुरू की गई थी। फिर बाद में यह बस बंद हो गई थी। इसके अलावा दोनों जगहों पर धनखड़ी, भौंसला, कहसून, घोघडिय़ा, रोजखेड़ा, बड़ौदा गांव के लोग सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी करने जाते हैं। लंबे समय से अलेवा से उचाना के लिए रोडवेज बस बंद थी। ऐसे में रोडवेज द्वारा जींद से अलेवा और फिर अलेवा से उचाना रूट पर बस शुरू की है।

### शुरू की गई है बस : शर्मा

जींद डिपो के डीआई रामफल शर्मा ने बताया कि रोडवेज का प्रयास है कि यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा दी जा सके। यात्रियों की मांग पर अलेवा से उचाना रूट पर बस शुरू की गई है। हालांकि बस पहले जींद से चलकर अलेवा पहुंचेगी। फिर अलेवा से बस उचाना रूट पर चलेगी। दोपहर बाद बस उचाना से जींद के लिए वापसी करेगी। ऐसे में इस रूट पर बस चलने से यात्रियों को फायदा होगा।

**फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पाया बड़ी मशक्कत से आग पर काबू**

# मकान में लगी आग, गाय सहित लाखों का सामान जला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राम कॉलोनी में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक मकान का सारा सामान जल गया और एक गाय भी आग की भेंट चढ़ गई और बछड़ा झुलस गया। लोगों का कहना था कि आग बिजली के शार्ट सर्किट होने के कारण लगी थी। गाय के शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों की टीम से करवाया जाएगा। राम कालोनी निवासी पालाराम के मकान में रविवार को आग लग गई। घर से धुआं उठता देख पास ही मौजूद पालाराम ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मकान के बाहर आ गए और आग पर काबू पाने का प्रयाया किया लेकिन आग लगातार फैलती चली गई।

जिस पर आग की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से घर में रखे बर्तन, कपड़े, पेटी, संदूक और अन्य सामान था। इसके बाद सिविल लाइन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने भी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और हालातों का जायजा लिया।

**जींद।** आग से जला सामान।

*बहुत प्रलाप करने से क्या लाभ हैं? इस चराचर जगत में जो कोई भी वस्तु है वह गणित के बिना नहीं है/ उसको गणित के बिना समझा नहीं जा सकता।*

*- श्रीनिवास रामानुजन*

*दिव्या चींखी- 'ना घर बसाऊँगी, ना तुम्हारे बेटे को तलाक दूँगी। वो रहे कहीं भी, मुझे उसकी परवाह नहीं। उसके साथ अब मेरा निबाह नहीं होगा। तुम्हारे भी नाक में दम रखूँगी और उसकी बहनों और रिश्तेदारों तक को परेशान करती रहूँगी। मुझे ढेरों तकलीफें उठानी पड़े लेकिन उसे अब इस घर में घुसने नहीं दूँगी। प्राइवेट स्कूल से सरकारी स्कूल में बच्चों को चाहे भर्ती कराना पड़े, लेकिन तुम्हारे लिए दिल में रहम नहीं रखूँगी।*

कहानी

डा. सुरेश वशिष्ठ

# अहंकार

दिव्या ने ससुराल का घर छोड़ा और किराए पर टू-रूम सैट लेकर रहने लगी। दोनों बच्चे और पति मजबूर हुए और उसके साथ रहने को चले आए। पति का नाम शैलेंद्र था। उसने सोचा-'दिव्या की जिद अलग रहने की है तो यही ठीक, घर का क्लेश तो मिटेगा?' उसे पत्नी के साथ रहना पड़ा। दोनों बच्चे प्राइवेट स्कूल में पढ़ने लगे। फीस का जिम्मा शैलेंद्र पर था।

दिन बीतने लगे लेकिन दिव्या का अहंकार खत्म नहीं हुआ। शैलेंद्र अपने माता-पिता से मिलने चला जाए तो क्लेश, बच्चों को दादा-दादी के पास ले जाए तो कलह। उसने दिव्या को बहुत समझाया लेकिन वह नहीं बदली।

शैलेंद्र दो बहनों का इकलौता भाई था। दोनों बहनें शादीशुदा थीं और अपनी ससुराल में उन्हें कोई कष्ट भी नहीं था। लेकिन बूढ़े और परेशान माँ-बाप की फिक्र में घुली जा रही थी। भाई-भाभी को समझाने के अनेक प्रयास हुए लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। एक रोज, शैलेंद्र माता-पिता से मिलने गया तो रात पत्नी के पास वापस नहीं पहुँचा। अगले दिन, सुकून की तलाश में वह कहीं और चला गया। पत्नी की तरफ से उसका मन खिन्न हो चुका था। पति घर नहीं लौटा तो दिव्या को चिंता हुई। पन्द्रह-बीस दिन बीत गए शैलेंद्र नहीं आया।

बच्चों के स्कूल से क्लास टीचर ने फीस का पुर्जा बनाकर बड़े लड़के की कॉपी में रख दिया। दिव्या ने पुर्जा देखा तो पैसों की चिंता हुई। पति को फोन मिलाया, फोन स्विच ऑफ था। ऐसे कई दिनों तक वह फोन मिलाती रही लेकिन पति से कोई बात नहीं हुई। शैलेंद्र ने फोन उठाया ही नहीं। थक-हारकर दिव्या ने सास को फोन मिला दिया। सास ने 'हैलो' कहा तो दिव्या के चुभन से भरे तीखे बोल सुनाई पड़े- 'कहां है वह, पन्द्रह-बीस दिन से कुछ अता-पता नहीं है। बच्चों की फीस और मकान का रैंट देना है, क्या करूँ?'

सास बोली- 'घर आकर पैसे ले जा, उसका तो हमें भी पता नहीं। तुम लोग जब से घर छोड़कर गए हो, हमें किसी की कुछ खबर नहीं है। नहीं जानते कि तुम कैसे हो और कहाँ रह रहे हो? यही तो कलह है कि तुम आपसी तकरार खत्म करना क्यों नहीं चाहते? तुम उसकी गलती निकालती हो और वह तुम्हारी! सामान बाँधों और बच्चों को लेकर घर लौट आओ। उसका जब मन चाहेगा तो लौटकर आ जाएगा।'

'नहीं, एक बार जिस घर को छोड़कर चली आई, अब वहाँ मुझे नहीं आना।' दिव्या का अहम जाग उठा था। सास समझाने लगी- 'पति से बनाकर रखने में ही भलाई है। तुम्हें सास-ससुर में कमी दिखती है तो पति के अनुसार ही ढल जाओ! उसकी हो-कर ही रहने लगो? घर से दूसरे नगर इसीलिए गए थे कि चैन से रहोगे। अब पति से भी नहीं बन रही तो हमारा इसमें कहाँ दोष है।'

'दोष तो तुम सबों में है। मेरे कहे अनुसार चलोगे तो ठीक, नहीं तो तुम्हें भी चैन से रहने नहीं दूँगी। मैं नहीं चाहती कि तुम्हारे बेटे के साथ रहूँ लेकिन मेरी मजबूरी है। बच्चों को लेकर जाऊँ कहाँ, और बच्चों को मुझसे छीनने की सोचना भी मत। चाहे कैसे भी, मुझमें हिम्मत है। उन्हें किसी तरह पाल ही लूँगी। जिन के पिता मर जाते हैं, बच्चे तो उनके भी पलते हैं।'

'बड़ों से बात करने का सलीका समझ लो, ओछी सोच घर बिगाड़ देती है। मानती हूँ, मेरा जाया भी बददिमाग है। उसे भी आगे के बारे में कुछ नहीं सूझ रहा लेकिन कम तुम भी नहीं हो ! तुम पर जब क्रोध हावी होता है, तुम चुडैल दिखाई देती हो। और गालियाँ बकती हो तो असहनीय हो जाता है। अभी वक्त है, सुधर जाओ। अपना घर खराब मत करो। अहंकार का त्याग कर डालो और गृहस्थ बनकर जीना सीख लो?'

दिव्या चींखी- 'ना घर बसाऊँगी, ना तुम्हारे बेटे को तलाक दूँगी। वो रहे कहीं भी, मुझे उसकी परवाह नहीं। उसके साथ अब मेरा निबाह नहीं होगा। तुम्हारे भी नाक में दम रखूँगी और उसकी बहनों और रिश्तेदारों तक को परेशान करती रहूँगी। मुझे ढेरों तकलीफें उठानी पड़े लेकिन उसे अब इस घर में घुसने नहीं दूँगी। प्राइवेट स्कूल से सरकारी स्कूल में बच्चों को चाहे भर्ती कराना पड़े, लेकिन तुम्हारे लिए दिल में रहम नहीं रखूँगी। ऐसा पति जो मेरी ना सुने, मुझे नहीं चाहिए।'

शैलेंद्र सरकारी स्कूल में टीचर थे। कुछ दिन बीते कि एक रोज दिव्या शैलेंद्र के स्कूल पहुँच गई।

*शैलेंद्र और दिव्या क्रोध की अग्नि में ऐसे झुलसे कि चेहरे और अंतस पर झुलसने के निशान साफ दिखाई पड़ने लगे। शैलेंद्र के माँ-पिता ने स्वयं को निपूता मान लिया और घर-बार बेचकर किसी दूसरे शहर में जा बसे। दोनों लड़कियाँ उनकी देखभाल करती रही।*

इत्तफाक कि उस दिन शैलेंद्र स्कूल नहीं आया था। उसकी जुबान खुल गई। प्रिंसिपल, स्टाफ के टीचर्स और एक-आध बाहरी लोगों के सामने वह खूब दहाड़ी। झूठे-सच्चे आरोप लगाकर उसने पति की इज्जत को तार-तार कर दिया। लोग हैरान थे, उन्होंने तो सोचा भी नहीं था कि शैलेंद्र की पत्नी इतनी झगड़ालू और बदतमीज है। हालात में बजाए सुधार होने के और खराबी आ गई।

प्रिंसिपल से दिव्या ने कहा- 'शैलेंद्र की तनख्वाह मेरे बच्चों के स्कूली बैंक खातों में ट्राँसफर कर दिया करें।'

प्रिंसिपल बोले- 'यह मेरे बस में नहीं, तनख्वाह तो शैलेंद्र के बैंक खाते में ही जाएगी।' दिव्या दहाड़ी- 'लफंगा है वह। पूरे महीने की तनख्वाह को आवारागर्दी में खर्च कर डालता है।' शैलेंद्र की पत्नी के मुख से यह सब कहने का किसी को यकीन नहीं हुआ। फिर बोलने के लहजे पर आश्चर्यचकित भी सभी थे। प्रिंसिपल ने दो टूक कह दिया- 'आप कुछ भी कहें, शैलेंद्र की तनख्वाह तुम्हें नहीं दी जा सकती। तुम्हारा आपसी मनमुटाव क्या है, हमें उससे कोई मतलब नहीं।'

'कोर्ट अगर कहे, तब भी नहीं?' दिव्या बोली। 'कोर्ट का निर्देश तो मान्य होगा। वहाँ से अगर आदेश हुआ, तो देखेंगे। आगे क्या होना है, क्या नहीं, यह तो समय ही तय करेगा?' प्रिंसिपल ने स्पष्ट कर दिया। उसका अहंकार बाहर आया- 'मेरे पिता पुलिस में अफसर हैं। झूठे-सच्चे दोष मढ़कर मैं उसके पूरे परिवार को कुटवा दूँगी। तब तो, तनख्वाह मेरे बच्चों के खाते में आएगी न?'

'नहीं, पुलिस के कहने से नहीं। कोर्ट अगर आदेश करे तो मुमकिन है। पुलिस के लिखे को हम नहीं मानेंगे। आपको इसके बारे में ज्ञान नहीं है। यह सरकारी महकमा है, यहाँ सब काम नियम के हिसाब से होते हैं।' प्रिंसिपल बोले।

'मैं पहले पुलिस में रिपोर्ट करती हूँ, फिर देखा जाएगा कि आप क्या मानेंगे और क्या नहीं। अब मुझे उसके साथ नहीं रहना है। हाँ, बच्चे पैदा किए हैं, मुझसे शादी की है, तो उसे खर्चा तो देना ही पड़ेगा?'

एक बुजुर्ग टीचर कहने लगे- 'शैलेंद्र से नहीं बनती तो अलग हो जाओ, तलाक ले लो। बच्चों को खुद पाल सकते हो तो ठीक, नहीं तो कस्टडी पिता पर छोड़ो।'

'ज्ञान मत बाँटो, मुझे जो करना है, वही मैं करूँगी। और शैलेंद्र आए तो उसे कह भी देना- 'आखिरी छोर तक पीछा नहीं छोड़ने वाली। तेरे माँ-बाप, तेरी बहनें और रिश्तेदारों तक को फँसाकर रहूँगी।' और दहाड़ती हुई वह चली गई।

शैलेंद्र और दिव्या क्रोध की अग्नि में ऐसे झुलसे कि चेहरे और अंतस पर झुलसने के निशान साफ दिखाई पड़ने लगे। शैलेंद्र के माँ-पिता ने स्वयं को निपूता मान लिया और घर-बार बेचकर किसी दूसरे शहर में जा बसे। दोनों लड़कियाँ उनकी देखभाल करती रही। झगड़े हुए, फसाद बढ़े, कोर्ट-कचहरी भी हुआ लेकिन फैसला सहज नहीं हो सका, पूरे दस साल बीत गए।

एक दिन, गर्मी की दोपहर थी। मोटर-साइकिल पर शैलेंद्र स्कूल से घर लौट रहा था। मंथन में विगत प्रभावी था। अकस्मात हृदय की गति बढ़ी और मोटर-साइकिल समेत वह खाई में जा गिरा। सांसों की ड़ोर छूट गई। अंत समय, ना माँ-बाप पास में थे, ना बहनें, ना पत्नी, ना हीं बच्चे और ना कोई नाते-रिश्तेदार! जिस गाँव में रहते थे। वहीं पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

दिव्या को पता चला तो एक बारगी वह काँप गई। लेकिन अहम पुनः आड़े आन खड़ा हुआ। फिर जाने अचानक क्या हुआ कि वह हँसती चली गई। उसे खुद का होश नहीं रहा। दिन बीते तो दिव्या भूल गई कि कहाँ उसका घर है, कहाँ बसेरा है। कुछ समय तक तो बच्चे उसे ढूँढकर घर लाते रहे लेकिन बाद के दिनों में, उन्होंने भी उसे उसी के हाल पर छोड़ दिया।

दिव्या जब अट्हास करती है, दिशाएँ गूँजने लगती हैं लेकिन अब, कोई सुनने वाला पास में नहीं है। ना उसके पिता को कुछ फर्क पड़ा और ना ही माँ को। कभी वह रो देती है और कभी सिसकती है।

उस सिसकन में, उसका विगत उसे मुँह चिढ़ाता है। राह चलते लोग उसकी तरफ से मुँह फेर लेते हैं।

कविता | नरेश शांडिल्य

## चांद पर तितली

*कैसी प्यारी लग रही है चाँद पर तितली*
*इक परी-सी लग रही है चाँद पर तितली*

*आसमानी-सी ग़ज़ल में चाँद ऊला-सा*
*उसका सानी लग रही है चाँद पर तितली*

*चाँद के सँग चाँदनी के शुभ-शगुन जैसी*
*'फेंगशुई'-सी लग रही है चाँद पर तितली*

*तीरगी का गहरा सागर, चाँद कश्ती-सा*
*उसका माँझी लग रही है चाँद पर तितली*

*देखकर अनगिन सितारे अपने चारों ओर*
*खोई-खोई लग रही है चाँद पर तितली*

कविता | वीरेंद्र मधुर

## ये भारत की शान है प्यारे

*ये भारत की शान है प्यारे इसके रंग सुहाने,*
*सत्य सनातन की गाथा को विश्व लगा दोहराने।*

*ये भगीरथ के जप तप का पावन गंगा तट है,*
*ये अमृत की बूंदों वाली महादेव की लट है।*
*भक्ति में शक्ति पाने को गंगा चलो नहाने।*

*वर्षों की घनघोर प्रतिक्षा संतों ने की चिंता,*
*धर्म बचाने की कोशिश में पाई भिक्षा दीक्षा।*
*भारत की स्वर्णिम राहों पर गाओ नए तराने।*

*दिव्य देव दर्शन में उमड़े सत्य सनातन लोग,*
*मधुर मौसमी चली हवाएं बना ग्रह संयोग।*
*राम कृष्ण की धरती पर नए बसंत को जाने।।*

कविता | प्रो. प्रविंद्र बांगड़

## कोई अनबन नहीं है

कोई अनबन नहीं है हम में, बस अब मन नहीं है।

न कोई शिकवा, न कोई गिला, बस मन का हाल बदला मिला।
न दूरियाँ बढ़ीं, न नजदीकियाँ हुई कम, बस एहसास हो गए हैं कुछ मद्धम।

एक दिल था जो हँसता बहुत था, वो भी अब कहीं खो गया।
जो प्यार था कभी हमारा, वो भी अब हमसे कहीं खो गया।

तुमसे कोई शिकायत नहीं, न ही कोई अधूरी चाहत रही।
मैं खुद को ही समझ रहा हूँ, ख़ामोशी से कुछ ढूंढ रहा हूँ।

रिश्तों को अब जबरन थामना नहीं,जो बह जाए, उसे रोकना नहीं।
भावनाएँ वैसी ही हैं बदलती नहीं, पर राहें भी तो पहले जैसी नहीं।

अब न कोई उलझन, न कोई भार, अब बस मन उलझा और लाचार।
जो बीत गया, वो सपना सही, अब खुद को पाने की यात्रा सही।

बस अब खुद को पहचानना है , अब खुद से सब सुलझाना है।

लघु कथा | कुसुम

## एक अनमोल रिश्ता

छोटे से गाँव की एक लड़की थी, जिसे शिक्षक शब्द से बेहद लगाव था। उसे पढ़ाई का शौक था, मगर संसाधनों की कमी और हालातों के चलते मुश्किल से बी.ए. में दाखिला मिल पाया। पहले साल तो वह कॉलेज जाती रही, मगर फिर कोरोना महामारी ने सब कुछ ठहर सा दिया। महीनों तक ऑनलाइन क्लास चलीं, लेकिन जब हालात सामान्य हुए, तो कॉलेज फिर से खुल गए। कॉलेज का पहला ही दिन था जब उसे पता चला कि इंग्लिश की एक नई मैम ने जॉइन किया है। पहले पीरियड में वही क्लास लेने आईं। गाँव से आई लड़की की अंग्रेज़ी थोड़ी कमजोर थी, मगर समझने की कोशिश करती थी। पहली ही क्लास में जब मैम ने धाराप्रवाह अंग्रेज़ी में पढ़ाना शुरू किया, तो उसे लगा कि यह विषय उसके लिए कठिन होने वाला है। घबराहट में वह हेड टीचर के पास भी चली गई कि उसके लिए किसी और शिक्षक को लगा दिया जाए। मगर एक ही दिन में ऐसा संभव नहीं था, और क्लास जारी रही। जैसे-जैसे दिन बीतते गए, लड़की को इंग्लिश मैम की क्लास में मज़ा आने लगा। उनके पढ़ाने का तरीका अलग था-सरल, रोचक और प्रेरणादायक। धीरे-धीरे लड़की को अहसास हुआ कि यह विषय मुश्किल नहीं, बल्कि बेहद सुंदर और समझने योग्य है। मैम सिर्फ़ एक शिक्षिका नहीं रहीं, बल्कि उसकी सबसे पसंदीदा टीचर बन गईं। अब वह बेसब्री से उनके पीरियड का इंतजार करने लगी।

ऐसा लगता मानो समय ठहर जाए और वह बस सुनती ही रहे। समय अपनी रफ़्तार से बढ़ता रहा, और देखते ही देखते बी.ए. का आखिरी सेमेस्टर भी आ गया। पूरे कॉलेज में फेयरवेल पार्टी की तैयारियाँ चल रही थीं। मगर इस खुशी के माहौल में लड़की के दिल में अजीब सी उदासी थी। आख़िरी दिन जब मैम क्लास में आईं, तो पूरी कक्षा भावुक हो गई। किसी की आँखों में खुशी थी, तो किसी की आँखों में आँसू। मैम ने सबको ढेरों शुभकामनाएँ दीं। वह दिन बीत गया, मगर रिश्ते नहीं। लड़की और उसकी पसंदीदा टीचर के बीच का संबंध समय के साथ और भी गहरा होता गया। अब हर सुबह एक मैसेज दोनों तरफ़ से आता-'गुड मॉर्निंग, मैम!' गुड मॉर्निंग बच्चें' यह केवल शब्द नहीं थे, बल्कि उस निस्वार्थ प्रेम और समर्पण का प्रतीक थे, जो एक शिक्षक और शिष्य के बीच होता है। क्योंकि कुछ रिश्ते किताबों के पन्नों की तरह होते हैं, जो भले ही बंद हो जाएँ, मगर उनकी यादें हमेशा दिल में बसी रहती हैं...।

साक्षात्कार | ओ.पी पाल

# समाज सेवा के भाव से साहित्य संवर्धन आवश्यक : संतोष गर्ग

**आधुनिक युग में साहित्य के सामने चुनौतियों को लेकर डा. संतोष गर्ग का कहना है कि वर्तमान में साहित्य की स्थिति बहुत अच्छी है। हालांकि मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल ज्यादा हो रहा है। बदलते परिवेश में साहित्य के स्वरूप को भी बदलना जरूरी है। मसलन युवा पीढ़ी को साहित्य के प्रति आकर्षित करने के लिए लंबी रचनाओं के बजाए लघु और उनके अर्थ को समझने वाली सामग्री का इस्तेमाल करना चाहिए।**

सामाजिक और सांस्कृतिक प्रासंगिकता के हित में साहित्य को अहम माना गया है। मूर्धन्य विद्वान भी साहित्य की समाज का दर्पण के रूप में व्याख्या करते रहे हैं। ऐसी ही एक प्रख्यात कवयित्री, लघुकथाकार, बाल उपन्यासकार और कहानीकार के रूप में डा. संतोष गर्ग ने अपनी लेखनी से हिंदी साहित्य को एक नया आयाम देकर साहित्य जगत में लोकप्रियता हासिल की है। उनकी साहित्यिक रचनाओं में नारी सशक्तिकरण, आध्यात्म, समाज सुधार और बाल साहित्य जैसे विषयों का समावेश शामिल है। उन्होंने हिंदी, पंजाबी, हरियाणवी और अंग्रेज़ी भाषाओं की ज्ञाता संतोष गर्ग ने सामाजिक क्षेत्र में अपनी सक्रीयता से समाज को एक सकारात्मक संदेश पहुंचाने का प्रयास किया।

साहित्य और समाज में अपने ऐतिहासिक रूप से योगदान दे रही महिला साहित्यकार डा. संतोष गर्ग ने अपने साहित्यिक और सामाजिक सफर को लेकर हरिभूमि संवाददाता से बातचीत में कई ऐसे पहुलुओं को उजागर किया है, जिसमें उनका मानना है कि साहित्य संवर्धन समाज सेवा के भाव से हो तो उसका संस्कृति और संस्कारों को जीवंत रखने के लिए ज्यादा महत्व है। डा. संतोष गर्ग जन्म 12 नवंबर 1960 को पंजाब के बुढ़लाड़ा के एक संयुक्त परिवार में रूलदू राम सिंगला और देवकी देवी के घर में हुआ। परिवार में किसी तरह का साहित्य या सांस्कृतिक माहौल नहीं था। बकौल संतोष गर्ग उनकी शादी 17 साल की उम्र में 23 अप्रैल 1978 को हरियाणा के कलायत गांव में हो गई थी। शादी से पहले वह सिर्फ 11वीं कक्षा पास की थी और बाकी उच्च शिक्षा शादी के बाद ग्रहण की। शादी के बाद कलायत गांव से वह अपने पति के साथ हिसार आकर रहने लगी, जहां उनके पति की हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में प्रोफेसर के रूप में नई नई नौकरी लगी थी, वहीं से वे अब प्रोफेसर एंड हैड पद से सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। वह साल 2012 से अपने बच्चों के साथ मोहाली में रह रही हैं। हरेक क्षेत्र की तरह साहित्यिक सफर में उतार चढ़ाव सभी के सामने आते हैं। उनके सामने भी बच्चों के भविष्य को लेकर चुनौतियां थी और परिवार की जिम्मेदारियां थी। इसके बावजूद साहित्यिक कार्यक्रमों में भाग लेती रही। हिंदी व पंजाबी के अलावा हरियाणवी भाषा में भी उन्होंने कुछ रचनाएं लिखी हैं। अपने साहित्यिक सफर में अब तक हिंदी भाषा में निरन्तर कवि गोष्ठियों, कवि सम्मेलनों का आयोजन भी कराती आ रही हैं। वह अखिल भारतीय साहित्य परिषद में हरियाणा प्रांत की उपाध्यक्ष, और राष्ट्रीय कवि संगम में 2016 से ट्राई सिटी चंडीगढ़ के अध्यक्ष पद पर लगातार सक्रिय हैं। वे एक फैशन डिजाइनर होने के साथ योगा व नेच्युरोपैथी चिकित्सक भी हैं।

### प्रकाशित पुस्तकें

संतोष गर्ग की प्रकाशित 19 पुस्तकों में चार काव्य संग्रह-दिल मुट्ठी में, सूख गए नैनन के आँसू, शब्दों को विश्राम कहाँ और बाल काव्य संग्रह 'कागज़ की नाव', एक बाल उपन्यास नानी, निक्की और कुंभ' व काव्य संकलन ' दुनिया गोल मटोल' के अलावा 'हर मन तिरंगा, पिता होते हैं पर्वत से, कोरोना काल कवियों के झरोखे, लघुकथाएं अपनी-अपनी सोच, लघुकथा संग्रह 'लघुता कुछ कहती है' सुर्खियों में हैं। वहीं 'यात्रा गुरू के गाँव की', 'मानस मोती', 'पंचामृत', 'सहस्त्रमानक', 'संवाद' और सनातन-वार्ता पुस्तकें भी लिखी हैं।

संतोष गर्ग

### पुरस्कार व सम्मान

हरियाणा साहित्य अकादमी से आध्यात्म पुस्तक सनातन-वार्ता के लिए श्रेष्ठ कृति पुरस्कार के अलावा संतोष गर्ग को महादेवी वर्मा कविता गौरव सम्मान, साहित्य सम्मेलन शताब्दी सम्मान, गुरु रविंद्र नाथ टैगोर सम्मान, लघुकथा स्वर्ण सम्मान, पावरफुल वूमेन आफ हरियाणा अवार्ड, वूमैन एम्पावरमैंट अवार्ड, कोरोना योद्धा सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। वहीं उन्हें दुबई में भारतीय प्रधान कौंसुलेट जनरल द्वारा भी सम्मान हासिल हुआ है।

### व्यक्तिगत परिचय

**नाम** : संतोष गर्ग
**जन्मतिथि** : 12 नवंबर 1960
**जन्म स्थान** : बुढ़लाड़ा (पंजाब)
**शिक्षा** : बीए, योगा व नेच्युरोपैथी, फैशन डिजाइन
**संप्रति** : कवयित्री, लघुकथाकार, बाल उपन्यासकार, कहानीकार, मैगेजिंग डायरेक्टर(एन जी डायग्नोस्टिकस, पंचकूला)

### ऐसे शुरु हुआ साहित्यिक सफर

वे बताती हैं कि हिसार में रहते हुए अमृता प्रीतम, शिव कुमार बटालवी और ओशो की पुस्तकें पढ़ा करती थी। कई बार अपने मन के भाव भी डायरी में उतार लेती। एक तरह से मेरी साहित्यिक यात्रा 1988 में आरंभ हुई, जब मेरी दो कविताएं एक समाचार पत्र में पहली बार प्रकाशित हुई। इससे आत्मविश्वास बढ़ना स्वाभाविक था। चूंकि पंजाब में शुद्ध पंजाबी बोली जाती है, जिसके कारण उनकी भाषा में कुछ पंजाबी के तो कुछ हिंदी के और कुछ शब्द हरियाणवी के भी आते हैं। रही बात हिंदी लिखने की, तो इसका श्रेय हिसार के साहित्यकारों को है। यह उनका सौभाग्य रहा कि उन्हें सर्वोदय भवन में हिसार के राज्यकवि प्रोफेसर उदयभानु हंस, डॉ राधेश्याम शुक्ल, सतीश कौशिक, राजेंद्र प्रसाद जैन, मदन गोपाल शास्त्री, प्रदीप नील जैसे विद्वानों को सुनने का अवसर मिलता रहा। इस बात का अहसान उन्हें भी नहीं हुआ कि कब हिंदी उनकी प्रिय भाषा बन गई। साहित्य जगत में उनकी सभी प्रकाशित पुस्तकें हिंदी भाषा में ही हैं और बहुत से सांझा संकलनों में भी रचनाएं प्रकाशित हैं। साल 1995 में उनकी पहली कृति के रुप में काव्य संग्रह 'दिल मुट्ठी में' प्रकाशित हुआ। फिर उन्होंने लघु कथा संग्रह और अन्य विधाओं में पुस्तकें लिखना शुरु किया। उन्होंने बताया कि उनका काव्य संग्रह सूख गए नैनन के आँसू' और डायरी के पन्ने 'मनांजलि' हरियाणा साहित्य अकादमी सौजन्य से प्रकाशित हुआ। साहित्य के क्षेत्र में उन्होंने गद्य व पद्य दोनों विधाओं में ही रचनाएं लिखी हैं। कविताओं के अलावा लघु कथाए, कहानी, उपन्यास और बाल साहित्य भी लिखा है। उनके लेखन का फोकस ज्यादातर प्रेम, प्यार, विरहा, अध्यात्म, सेवा, संस्कारों पर रहा है। हालांकि समाजिक सरोकार के मुद्दों पर भी कलम चलाई है, लेकिन राजनीति पर बहुत कम लिखा है।

# हास्य-व्यंग्य बोध से सराबोर 'दाढ़ी से बड़ी मूँछ'

**पुस्तक : दाढ़ी से बड़ी मूँछ**
**लेखक : प्रियदर्शी खैरा**
**मूल्य : 400 रुपये**
**प्रकाशक : भारतीय साहित्य संग्रह, कानपुर।**

पुस्तक समीक्षा | प्रमोद ताम्बट

हाल ही में प्रियदर्शी खैरा का नया व्यंग्य संकलन 'दाढ़ी से बड़ी मूँछ' भारतीय साहित्य संग्रह कानपुर से प्रकाशित हुआ है। दो दो स्वरनामधन्य व्यंग्याकारों प्रेम जनमेजय एवं पद्मश्री डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी की पृथक-पृथक भूमिकाओं से सजे इस व्यंग्य संकलन ने एक तरीके से लेखन की दुनिया में एक अलग लकीर खींच कर रख दी है, यह कहने में कोई गुरेज़ नहीं किया जाना चाहिए। जहां प्रेम जनमेजय कहते हैं कि ''उनकी रचनाओं में व्यंग्य लदकर नहीं आया है, सहज आया है'', वहीं डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी कहते हैं ''सहज होकर व्यंग्य भी लिखा जाए तो वह कितना अच्छा बन जाता है।' प्रियदर्शी खैरा का यह संकलन इन दोनों ही टिप्पणियों पर खरा उतरता है। श्री खैरा की व्यंग्य रचनाओं में वव्यंग्य भी उसी सहजता से आता है जितनी सहजता से हास्य। यह एक मणिकांचन संयोग की तरह होता है जो रचना की पठनीयता को निःसंदेह द्विगुणित कर देता है। इसे साध लेना वास्तव में बहुत कठिन होता है, यदि वह घुट्टी के साथ मिली हुई न पी रखी हो। श्री खैरा का बुंदेलखंड से लम्बा नाता रहा है इसलिए वहां का नैसर्गिक हास्य-व्यंग्य बोध उनकी रचनाओं में सहज प्रवाह की तरह चला आता है जिससे वे अपने रचनाकर्म को समृद्ध बनाते चलते हैं। पूरे संकलन की हरेक रचना में खैरा जी अपनी विशिष्ट खिलंदड़ी भाषा के माध्यम से अपने हास्य-व्यंग्य बोध का छिड़काव सा करते हुए चलते हैं। जिससे पहली ही रचना से संकलन के प्रति उत्सुकता का भाव पैदा होता है जो निश्चित ही पाठक को पूरा संकलन पढ़ा ले जाने के लिए मजबूर कर देता है। श्री खैरा लम्बे समय तक शासकीय विभाग में उच्चतम पद पर रहे हैं और उन्होंने इस दौरान व्यवस्था के छोटे से लेकर उच्च स्तर कर तक की इकाइयों को बहुत ही करीब से देखा है। किसी भी लेखक के पक्ष में यह महत्वपूर्ण बात होती है कि वह अपने जीवनानुभव को किस तरह से अपने रचना कर्म में लेकर आता है, श्री खैरा का रचनाकर्म इस मामले में काफी ईमानदार और प्रामाणिक प्रतीत होता है। व्यंग्य संकलन में कुछ 37 रचनाएं हैं। सभी रचनाएं लेखक के मृदुल हास्य एवं व्यंग्य बोध से सराबोर हैं जो मजे-मज़े में गंभीर विसंगतियों का अहसास भी कराती चलती हैं। लेखक की रचनाएं व्यंग्य के मानदंडों पर भी खरी उतरती हैं, वे बहुत सहजता से व्यंजना, वक्रोक्ति, कटाक्ष, ह्यूमर, आयरनी, कामदी आदि व्यंग्य के हथियारों का उपयोग करते नज़र आते हैं। पुस्तक का कवर पेज अत्यंत साधारण है, इसे और ज्यादा कलात्मक बनाया जाता तो बेहतर होता।

## खबर संक्षेप

### जन प्रतिनिधियों से की मुलाकातः सुनील तंवर

**पूंडरी।** जन कल्याण सोसाईटी हरियाणा व अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जन सम्पर्क अभियान के दौरान फतेहपुर और पूंडरी में जन प्रतिनिधियों, छात्रों और अभिभावकों से सम्पर्क किया। सुनील तंवर फतेहपुर जिला प्रेस सचिव जन कल्याण सोसाईटी हरियाणा ने बताया कि 23 मार्च शहीदी दिवस पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए सोहनलाल सरपंच फतेहपुर, पूंडरी के नवनियुक्त पार्षद ईशम सिंह रंगा, ईशम सिंह भुक्कल पार्षद व विक्की पार्षद को मिलकर कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया । सुरेश टांक प्रदेश महासचिव जन कल्याण सोसाईटी हरियाणा ने कहा कि शहीदी दिवस पर प्रतियोगिता को सफल बनाने को लेकर हर सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहा है। पहले दस प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को उचित इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद सिरोही, अजय चौहान, नरेश कुमार, राजकुमार, मास्टर सम्मी, राजू व कालू पूंडरी आदि मौजूद रहे।

### 23 को वैवाहिक परिचय सम्मेलन करनाल में

**सफीदों ।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं अग्रवाल समाज के वरिष्ठ नेता डा. राजकुमार गोयल ने बताया है कि आगामी 23 मार्च को अग्रसेन भवन, सेक्टर 8, करनाल में एक विशाल राज्य स्तरीय वैवाहिक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। राजकुमार गोयल यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ अग्रवाल समाज के प्रवीन मित्तल व महाबीर मित्तल विशेष रूप से मौजूद थे। राजकुमार गोयल ने कहा कि इस परिचय सम्मेलन में हरियाणा व आसपास के राज्यों से सैकड़ों की तादाद में विवाह योग्य प्रत्याशी भाग लेंगे।

### 23 को पंजाबी सेवा सदन मनाएगी स्थापना दिवस

**कैथल।** पंजाबी सेवा सदन परिसर में स्थापना दिवस समारोह के लिए बनाई गई कमेटी की मीटिंग हुई। अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की।आज की मीटिंग में संस्था का स्थापना दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया।प्रधान प्रदर्शन परुथी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज संस्था द्वारा 23 मार्च को स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा आयोजित यह 11वा स्थापना दिवस है।समारोह में पंजाबी वेलफेयर सभा के प्रधान सुभाष कथूरिया मुख्य अतिथि होंगे।

### राजौंद में किशोरी का अपहरण, केस दर्ज

**कैथल।** राजौंद थाना क्षेत्र के एक गांव 17 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर लिया। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजौंद थाना में दी शिकायत में एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि 17 वर्षीय बेटी की 12वीं कक्षा की परीक्षाएं चली हुई हैं। 12 मार्च को रोहित नाम के आरोपी ने उनके नंबर पर फोन कर धमकी दी कि तेरी बेटी को आज रात उठाकर ले जाउंगा। 13 मार्च को उनके परिवार के सभी सदस्य रात 10 बजे सो गए। उसके बाद जब रात को वह डेढ़ बजे उठी तो वहां पर बेटी घर पर नहीं थी।

## नप अध्यक्ष ने फ्रैंड्स कॉलोनी और जनकपुरी कालोनी में किया विकास कार्यों का उद्घाटन

# वार्ड-तीन में तीन करोड़ 30 लाख रुपये से होगा गलियों का निर्माण

निविदा सूचना हो चुकी जारी, वार्ड पार्षद ने अध्यक्ष का धन्यवाद किया

*तीन करोड़ 30 लाख रुपये से गलियों का निर्माण होगा। इसके लिए निविदा सूचना भी जारी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जनकपुरी कॉलोनी गली नंबर 11 में बनी गली के निर्माण की मांग करीब 20 साल पुरानी थी, जो अब पूरी हुई है। जल्द ही निविदा सूचना खुलने के बाद वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने रविवार को शहर की दो कॉलोनियों में 56 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इसके तहत फ्रैंड्स कॉलोनी में 31 लाख से बने हाल तो जनकपुरी कॉलोनी में 25 लाख से बनी गली नंबर 11 का उद्घाटन किया है। वहीं, अध्यक्ष ने जानकारी दी कि वार्ड नंबर तीन में तीन करोड़ 30 लाख रुपये से गलियों का निर्माण होगा। इसके लिए निविदा सूचना भी जारी की जा चुकी है।उन्होंने बताया कि जनकपुरी कॉलोनी गली नंबर 11 में बनी गली के निर्माण की मांग करीब 20 साल पुरानी थी, जो अब पूरी हुई है। जल्द ही निविदा सूचना खुलने के बाद वर्क ऑर्डर जारी कर दिया जाएग। इस मौके पर लाखों रुपये से बने हाल व गली का उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने नप अध्यक्ष सुरभि गर्ग का आभार जताया। वार्ड वासियों ने कहा कि इससे पहले इस वार्ड में कभी भी इतने विकास कार्य नहीं हो पाए हैं, जितने शहर की सुरभि सरकार में हुए हैं। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि बिल्लू जांगडा ने भी खुशी जाहिर करते हुए अध्यक्ष का धन्यवाद किया। कहा कि वर्षों पुरानी यह मांग अब पूरी हुई है। इस अवसर पर पार्षद ज्योति जांगड़ा, पार्षद प्रतिनिधि बिल्लू जांगड़ा सहित दिलबाग सिंह, राज मेहर, मुल्तान, ओमप्रकाश, प्रेम सिंह प्रधान, दिनेश कुमार, राजेश, शकुंतला दलाल, नीलम, सुनील कोटड़ा, दिलबर, सतबीर मोर, संजीव कुमार, हरपाल, जय भगवान, सुरेश मलिक, राकेश नरवाल, रविंद्र, जयपाल, सुरेंद्र कुमार, सत्ता नंबरदार मौजूद रहे।

**कैथल।** नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए।

### आधा दर्जन के करीब गलियों का निर्माण होगा

नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने बताया कि इस वार्ड में तीन करोड़ 30 लाख रुपये से गलियों का निर्माण कार्य के तहत आधा दर्जन के करीब गलियों का निर्माण किया जाएगा। इसमें मुख्य गली का 42 लाख रुपये, जनकपुरी एक्सटेंशन गली का 64 लाख रुपये, रुहानी सत्संग भवन के नजदीक गली का 72 लाख रुपये, सैंसी बस्ती से लेकर सैलर तक की गली का 80 लाख रुपये, ड्रेन वाली गली का निर्माण कार्य 13 लाख रुपये सहित एक अन्य गली का निर्माण कार्य 10 लाख रुपये में होगा। इन गलियों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जल्द कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

### सरकार में करोड़ों रुपये के चल रहे विकास कार्य : सुरभि गर्ग

नप अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने बताया कि शहर में करोड़ों रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के तहत कार्य कर रही है। आज सरकार की नीतियों से हर वर्ग खुश है। कैथल शहर में करोड़ों रुपये के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी की नीतियों से आज हर वर्ग पूरी तरह से खुश है। सुरभि गर्ग ने बताया कि नप ने शहर में छह एकड़ में नई गोशाला बनाई है। वहां बेसहारा गोवंश को शिफ्ट किया जा रहा है। अब 150 के करीब ही गोवंश सड़कों पर हैं, जल्द ही इन गोवंश को भी गोशाला में छोड़ा जाएगा। इस कार्य को लेकर टीमें बनाई गई हैं।

### हर वार्ड में दिए जाएंगे तीन-तीन सफाई कर्मी

*नप अध्यक्ष सुरभि गर्ग ने यह भी बताया कि शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर वार्ड के पार्षद को तीन-तीन सफाई कर्मचारी दिए जाएंगे। इन कर्मियों की हाजिरी पार्षद के पास लगेगी। जहां सफाई की ज्यादा जरूरत होगी वहां पार्षद अपने स्तर पर सफाई करवा सकेंगे। पार्षदों ने इस बारे में सदन की बैठक में यह मामला उठाया था। अधिकारियों को इसे लेकर निर्देश जारी कर दिए हैं।*

# रितु को जिला प्रधान व सुनीता को सचिव चुना

- मिड डे मील वर्कर यूनियन हरियाणा जिला कमेटी कैथल का पांचवा जिला सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

मिड डे मील वर्कर यूनियन हरियाणा जिला कमेटी कैथल का पांचवा जिला सम्मेलन शहीद भगत सिंह भवन कैथल में संपन्न हुआ। सम्मेलन कार्रवाई की अध्यक्षता रितु शर्मा ने की और संचालन कॉमरेड सत्यवान कलायत ने किया सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए मास्टर जयप्रकाश शास्त्री ने बताया पूरे देश के सत्र पर लाखों लाख महिलाएं दोपहर का खाना स्कूल में बच्चों व अध्यापकों लिए तैयार करती है वह इतनी कड़ी मेहनत है करती है कि वह सुबह बच्चों के साथ स्कूल में आती है और बच्चों की छुट्टी होने के बाद तक बर्तन बांडडे व रसोई की सफाई आदि अन्य काम निपटाकर जब घर पर आती है तो उसका बदन थकावट से चूर-चूर हो जाता है लेकिन उसके बावजूद सरकार उन्हें न्यूनतम वेतन तक भी नहीं दे रही है यह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली सरकार मिडडे मील में काम करने वाली महिलाओं के साथ दोगला व्यवहार कर रही है आज इस कमरतोड़ में महंगाई के चलते मिडडे मील में काम करने वाली वर्करो को मात्र 7000 प्रतिमाह दिए जाते हैं उसमें से भी 2 महीने का वेतन काट लिया जाता है और वो भी कई कई महीनों तक रोक लिया जाता हैं स्कूल में खाना बनाने वाली महिलाएं ज्यादातर दलित परिवारों से है और विधवाएं हैं जिनका उस वेतन के अलावा और कोई अन्य गुजरे का साधन भी नहीं है उसके बावजूद मोदी सरकार उनके साथ यह भेदभाव लगातार करती आ रही है सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन के डिस्टिक सेक्रेट्री नरेश कुमार रोहेड़ा ने कहा है कि आज महंगाई को देखते हुए हमारी मांग यह है कि इन वर्करों 26000 महीना और पूरे 12 महीने का वेतन दिया जाए वर्दी के2000 दिए जाए और 500000 का बीमा और 200000 रिटायरमेंट 65 साल की उम्र की जाए स्कूल मर्ज के नाम पर हटाई गई वर्कों को वापस काम पर लिया जाए और खाना पहली से 12वीं तक के बच्चों को बनवाना शुरू किया जाए।

# दुपहिया वाहन चोरों पर कैथल पुलिस का शिकंजा

## एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने 2 चोर पकड़े, 8 बाइकें बरामद

- अदालत ने दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए एक बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 2 बाइक चोर काबु कर लिए गए। जिनके कब्जे से 8 चोरी की बाइक बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एस.आई. प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी सुनील कुमार, ए.एस.आई. जसमेर सिंह, ए.एस.आई. अशोक, होमगार्ड मनोज व सतीश की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत शनिवार की शाम चौशाला बालु रोड़ से बाइक पर सवार संदिग्ध गांव बालु निवासी अमरजीत उर्फ सिंघा तथा अनिल को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपियों के कब्जे से बरामद बाइक चोरी की पाई गई। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज है, जो कलायत निवासी संजय की शिकायत अनुसार 8 मार्च को रेलवे रोड़ कलायत स्थित एक दुकान के बाहर से उसकी स्प्लेंडर प्लस बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गए। प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से की गई व्यापक पूछताछ दौरान आरोपियों के कब्जे से गांव बालु में 2 स्थानों से 7 अन्य चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। एक बाइक थाना शहर कैथल क्षेत्र से, एक बाइक पानीपत से तथा 3 बाइक जिला जींद से चोरी होनी पाई गई है। दो बाइकों के बारे में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। दोनों आरोपी अदालत में पेश कर दिए गए, जहां से दोनों को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**कैथल।** बरामद की गई बाइकों सहित दोनो बाइक चोर एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ पुलिस गिरफ्त में। फोटो :हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने दी प्रतिभा खोज प्रतियोगिता की परीक्षा

*प्रतियोगिता में 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें 400 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्य ओ पी शर्मा ने बताया कि परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए पेन उपलब्ध कराए गए परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी प्रतिभागियों को रिफ्रेशमेंट प्रदान किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के संपूर्ण स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रधानाचार्य ओ पी शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसी परीक्षाएं उनके बौद्धिक विकास और प्रतिभा को निखारने में सहायक होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और स्कूल स्टाफ को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

**राजौंद।** परीक्षा के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# धूमधाम से मनाया जाएगा शीतला सप्तमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

शीतला सप्तमी का पर्व हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा मंदिर में शुक्रवार को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मंदिर कमेटी के प्रधान मास्टर देवेंद्र भनोट ने बताया कि शीतला सप्तमी पर्व की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है ।

उन्होंने बताया कि दुर्गा मंदिर में इस दिन सभी बिरादरी के लोग मत्था टेकने के लिए पहुंचते हैं जो लोग नगर से अन्य शहरों में रह रहे हैं वह भी इस दिन शीतला माता के मंदिर में मत्था टेककर अपने घर की सुख समृद्धि की कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि इस त्यौहार को बांसड़ों के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दिन में पूर्व में बनाए गए पदार्थ सुबह मंदिर में चढ़ाकर अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नतें मांगते हैं।

उन्होंने सभी नगर वासियों को इस पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी इस पर्व पर दुर्गा मंदिर में सादर आमंत्रित है, आप सभी के लिए यह पर्व खुशियां लेकर आए।

**राजौंद।** शीतला माता का मंदिर।

# राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत : ईशम साकरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष और मार्किट कमेटी ढांड के पूर्व चेयरमैन ईशम सिंह साकरा ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयास किया है और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन सुधार के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन सुधार के प्रति समर्पण भाव से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए कई योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किए हैं। भाजपा समाज के सभी वर्गों के लिए काम कर रही है और उनके जीवन सुधार के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार के इस प्रयास से प्रदेश के लोगों को बहुत लाभ होगा और उनके जीवन में सुधार आएगा। सरकार की यह पहल प्रदेश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश के लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना है। सरकार की यह पहल प्रदेश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सरकार को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया और आगे भी ऐसे प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया।

कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता ईशम सिंह साकरा।

### नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं

**कैथल।** पुलिस की जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर रामलाल, ए.एस.आई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार व होमगार्ड शमशेर सिंह की टीम द्वारा कैथल में विभिन्न स्थानों पर महिलाओं, बच्चों सहित अन्य व्यक्तियों को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान युवाओं सहित अन्य को बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। युवाओं को खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है।

# बिन भाइयों की बहन का पुलिस के जवान व बुजुर्ग महिला ने भरा भात

- पहले भी सैकड़ों गरीब परिवार की मदद कर चुके है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

गांव पाई में हरियाणा पुलिस के जवान सुनील संधू ने 80 वर्ष की महिला श्योंन देवी व किसान यूनियन के साथ मिलकर एक बार फिर बिन भाइयों की बहन का भाती बनकर फर्ज निभाया।

संधू ने बताया कि पाई गांव के साथी गुलाब का फोन आया था कि परिवार बहुत गरीब है और जिस लड़की की शादी है उसका कोई मामा नहीं है तो इसलिए आज भाईचारे के साथ भात भरा और बहन को भाइयों की कमी महसूस नहीं होने दी। वो पहले भी सैकड़ों गरीब परिवार की मदद कर चुके है इस गरीब परिवार को सहयोग देने के लिए किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी व जिला अध्यक्ष बलकार मलिक खुराना भी शामिल हुए । उन्होंने कहा कि गरीब परिवार का सहयोग करना चाहिए क्योंकि महंगाई के दौर में गरीब परिवार के सामने बहुत चुनौतियां होती हैं और ये चुनौतियां और भी बढ़ जाती हैं जब परिवार में कोई कमाने वाला न हो इसलिए सहयोग में सबको आगे आना चाहिए क्योंकि इंसानियत ही सब कुछ है । इस मौके पर दलशेर सहारण रामगढ़, नन्ही देवी बदोड, मनदीप संधू , प्रदीप कुतुबपुर आदि मौजूद रहे।

**पाई।** गांव पाई में भात भरते सुनील संधु व श्योन देवी

**सेवा** 51वां रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क मेडिकल जांच कैंप आयोजित

# स्वैच्छिक रक्तदान से हम आपातकालीन जरूरतमंदों की कर सकते हैं मदद: संदीप

*कार्यक्रम की अध्यक्षता नेकी का घर संस्था के प्रधान हुकम सिंह मैहला ने की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सीवन रामा आश्रम में नेकी का घर संस्था गुहला-चीका और लायंस क्लब कैथल आइकॉनिक के संयुक्त तत्वावधान में 51वां रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क मेडिकल जांच कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीवन नगर पालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्षा के प्रतिनिधि व समाजसेवी संदीप सैनी ने रिबन काटकर किया। अपने संबोधन में संदीप सैनी ने कहा कि रक्तदान, महादान है और इससे अनगिनत जीवन बचाए जा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से नियमित रक्तदान करने की अपील की, जिससे समाज में रक्त की कमी न हो। संदीप सैनी ने भी रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया और कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान से हम आपातकालीन परिस्थितियों में जरूरतमंदों की मदद कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेकी का घर संस्था के प्रधान हुकम सिंह मैहला ने की। शिविर के दौरान 72 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जिसे जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रखा गया। रक्तदाताओं को बैज लगाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. कुशल मेहता ने 152 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। आयोजकों ने रक्तदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और इस पुनीत कार्य में योगदान दिया। लायंस क्लब के जिला चीफ गुलशन चुघ ने 72वीं बार रक्तदान किया। इस अवसर पर लायन राकेश चुघ, लायन विवेकशील खरबंदा, लायन अशोक अरोड़ा, बंटी सैनी, लायन जितेश आहूजा, सन्नी कालड़ा, गुरदीप चाबा, डॉ. गुरदेव जोसन, मंजीत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सीवन रामा आश्रम में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता

## खबर संक्षेप

### शहरवासियों ने नंदीशाला में मनाया भावेश का जन्मदिन

**नरवाना।** शहर की सड़कों पर जल्द ही नंदी महाराज व गौमाता नजर नहीं आएगी इसके लिए श्रीश्याम गौ चिकित्सालय व नरवाना शहर विकास समिति द्वारा चलाया जा रहा संयुक्त अभियान अब और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर कर्मचारी चयन आयोग के पुर्व सदस्य लक्ष्मण मिर्धा के पौत्र व नगर परिषद चेयरमैन विशाल मिर्धा के सुपुत्र भावेश मिर्धा का जन्मदिन गौ चरणों में नंदी गौशाला में धूमधाम से गौमाता व नंदी महाराजों की सेवा करके धूमधाम से मनाया गया। पवनजीत बनवाला द्वारा प्रस्ताव रखे जाने पर मिर्धा परिवार की तरफ से गायों व नंदी महाराज की सेवा की गई।

### गाड़ी से 10 कटड़े तथा एक भैंस बरामद

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने दिल्ली-कटरा नेशनल हाइवे पर एक गाड़ी को काबू कर उसमें से 10 कटड़े तथा एक भैंस बरामद की है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने गाड़ी सवार दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। गांव कालवा निवासी गौरक्षक सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी की दिल्ली-कटरा नेशनल हाइवे से गाड़ी में कटड़े तथा भैंस भर कर दिल्ली ले जाए जा रहे हैं। कुछ समय के बाद उन्होंने सामने से आ रही गाड़ी को रुकवा कर तलाशी ली तो उसमें 10 कटड़े तथा एक भैंस भरी पाई गई। पुलिस पूछताछ में गाड़ी सवार लोगों की पहचान गांव हाजीपुर यूपी निवासी शमशाद तथा अनीश के रूप में हुई।

### अभिषेक बने बुक बैंक के अध्यक्ष

**जींद ।** सामाजिक संस्था सर्वजन एजुकेशनल एंड वोकेशनल संस्था द्वारा संचालित बुक बैंक के अध्यक्ष पद के चुनाव में अभिषेक ने जीत हासिल की है। इस चुनाव में उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सूरज को 12 वोट के अंतर से पराजित किया। संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र कटारिया और महासचिव राजकुमार ने अभिषेक जुलाना को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में बुक बैंक और अधिक प्रभावी ढंग से शिक्षा और ज्ञान के प्रचार-प्रसार में योगदान देगा। अभिषेक जुलाना ने कहा कि वे बुक बैंक की सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

### घर में घुसकर हमला आठ पर केस दर्ज

**जींद।** गांव अशरफगढ़ में युक्ति से अश्लील हरकत करने तथा उसके परिजनों के साथ मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ अश्लील हरकत करने, मारपीट करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गांव अशरफगढ़ निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के ही निखिल तथा साहिल ने उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकत की। आरोपितों ने उसकी बेटी के कपड़े फाड़ डाले। जब विरोध जताया तो आरोपित घर में घुस आए और हमला कर दिया। पुलिस जांच में जुटी है।

# ग्रामीण क्षेत्र में कच्चे व जर्जर घरों का नए सिरे से सर्वे शुरू

- लाभार्थी के लिए निर्धारित किए गए 10 मापदंड, परिवार का कोई भी सदस्य नही होना चाहिए सरकारी नौकरी पर
- जरूरतमंद परिवार 31 मार्च तक कर सकते हैं आवेदन : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में जिला के ग्रामीण क्षेत्र में कच्चे व जर्जर मकानों का नया सर्वे गत एक मार्च से शुरू कर दिया गया है जो 31 मार्च 2025 तक चलेगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार दून ने बताया कि इस सर्वे का उद्देश्य चालू वित्त वर्ष से आगामी 2028-29 तक पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध करवाना है। जिला परिषद के सीईओ अनिल कुमार दुहन ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एक विकसित योजना को संचालित किया जा रहा है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस योजना को जिला में प्रत्येक योग्य लाभार्थी तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इस जिले में सर्वस्व आवास विभाग हरियाणा पंचकूला के आदेशानुसार जींद जिले के ग्रामीण क्षेत्र में कच्चे व जर्जर मकानों का नया सर्वे गत एक मार्च 2025 से शुरू कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे परिवार जिनका वर्ष 2018 मे हुए सर्वे के दौरान पंजीकरण नहीं हुआ था और जो परिवार इस स्कीम से अपात्र या छूट गए थे का भी पंजीकरण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस सर्वे के लिए सभी ग्राम पंचायतों में संबंधित ग्राम सचिवों को सर्वेयर के तौर पर नियुक्त किया गया है। अब कोई भी जरूरतमंद परिवार अपने मोबाइल या सीएससी से अपने घर का सर्वे कर आवास प्लस 2.0 एप 2024 पर अपलोड कर सकता है। इस संबंध में जिले के सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को भी निर्देश जारी किए गए हैं।

### मकान के न्यूनतम आकार को 20 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 25 वर्ग मीटर किया

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण स्कीम को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 से लागू किया गया था। जिसका उद्देश्य सभी बेघर परिवारों और कच्चे तथा टूटे-फूटे मकानों में रहने वाले परिवारों को बुनियादी सुविधाओं जैसे साफ.-सुथरे रसोई घर, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, एलपीजी कनेक्शन इत्यादि से युक्त पक्का मकान उपलब्ध करवाना है। सरकार द्वारा मकान के न्यूनतम आकार को 20 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 25 वर्ग मीटर कर दिया गया है।

### सरकार ने निर्धारित किए 10 मापदंड

सीईओ अनिल कुमार ने बताया कि इस स्कीम के तहत सरकार के दिशा निर्देशानुसार पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु 10 पैरामीटर जैसी सुविधा ना होने वाले परिवारों को ही शामिल किया जा सकता है। जिसमें लाभार्थी के पास तिपहिया व चौपहिया वाहन ना हो, तिपहिया व चौपहिया कृषि संसाधन ना हो, 50 हजार या उससे अधिक की लिमिट का किसान क्रेडिट कार्ड ना हो, परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी पर ना हो, परिवार के पास सरकार से पंजीकृत गैर कृषि उपक्रम ना हो, परिवार का कोई सदस्य 15 हजार मासिक आय ना कमाता हो व्यावसायिक कर अदा ना करता हो, आयकर दाता ना हो, परिवार के पास 2.5 एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि ना हो व परिवार के पास पांच एकड़ या उससे अधिक गैर सिंचित भूमि ना हो।

## मौखिक परीक्षा एप पर व लिखित परीक्षा का पेपर होगा : राजेश

# राजकीय स्कूलों में पहली से पांचवीं तक की कक्षाओं की परीक्षाएं आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौलिक शिक्षा विभाग की कक्षा पहली से पांचवी के बच्चों की परीक्षा आज से शुरू होगी। जिसमे जिले के 34438 बच्चे लिखित व मौखिक परीक्षा देंगे। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि सभी अध्यापक यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने परीक्षा लेने से पहले निपुण हरियाणा टीचर एप में उपलब्ध शिक्षक मार्गदर्शिका को पढ़ लिया हो। बालवाटिका-थ्री के लिए केवल एक संयुक्त परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। जिसे प्रत्येक छात्र के लिए दो दिनों के दौरान क्रमवार लिया जाना है। परीक्षा का पैटर्न अभ्यास प्रश्न पत्र के अनुसार होगा। कक्षा पहली से तीसरी के लिए लिखित परीक्षा (अंग्रेजी और हिंदी) और मौखिक परीक्षा (अंग्रेजी, हिंदी व गणित) दोनों अलग-अलग दिनों में आयोजित की जाएंगी। लिखित परीक्षा श्रुतलेख और लेखन कौशल आधारित दक्षता का परीक्षण करेगी



और मौखिक परीक्षा विद्यार्थियों के सुनने, बोलने और पढने के कौशल का परीक्षण करेगी। शिक्षक यदि चाहें तो लिखित परीक्षा के दिन से ही मौखिक परीक्षा लेना आरंभ कर सकते हैं। संबंधित विषय का मौखिक पेपर लिखित परीक्षा वाले दिन ही निपुण हरियाणा टीचर एप में उपलब्ध हो जाएगा और लिखित परीक्षा से मौखिक परीक्षा तक के दिन तक ही उपलब्ध होगा।

निर्देशानुसार टैबलेट से छात्रों को प्रश्न पढ़कर सुनाएं या उन्हें पढने के लिए कहें। उत्तर मौखिक रूप से, टैबलेट पर कोई विकल्प चुनकर या लिखित रूप में दिए जा सकते हैं। जहां भी आवश्यक हो, आप छात्रों से लिखित उत्तर के लिए नोटबुक लाने के लिए कह सकते हैं। छात्रों के उत्तरों को दर्ज करने के लिए, शिक्षक छात्रों को एक-एक करके बुलाएं और पहले लिखित परीक्षा के उत्तर दर्ज करें, उसके बाद प्रत्येक छात्र की मौखिक परीक्षा के उत्तर दर्ज करें। छात्र के द्वारा चुने गए विकल्प पर क्लिक कर सकते हैं। छात्र के बताए गए या लिखित उत्तर के अनुसार सही या गलत उत्तर पर क्लिक कर सकते हैं। छात्र का एनुअल एसेस्मेंट पूरा करने के बाद सेव एसेस्मेंट पर क्लिक करें। कंपलिटिड एसेस्मेंट में उन छात्रों के नामों की पुष्टि करें।

### जिले के 34438 बच्चे लिखित व मौखिक परीक्षा देंगे

एफएलएन जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि बालवाटिका में 4696, पहली कक्षा में 4639, दूसरी कक्षा में 4849, तीसरी कक्षा में 7334, चौथी कक्षा में 8430, पांचवी कक्षा में 9186 बच्चे परीक्षा मे भाग लेंगे।

### दिशा- निर्देश जारी

कक्षा पहली से तीसरी के शिक्षक पहले पूरी कक्षा की लिखित परीक्षा आयोजित करें, उसके बाद निपुण हरियाणा टीचर एप में उपलब्ध मौखिक परीक्षा शुरू करें। वे छात्रों को एक-एक करके बुलाएं और पहले लिखित परीक्षा के उत्तर दर्ज करें, उसके बाद प्रत्येक छात्र की मौखिक परीक्षा के उत्तर दर्ज करें। निपुण हरियाणा टीचर एप के माध्यम से ही बालवाटिका-3 से कक्षा तीसरी का वार्षिक आकलन रिकॉर्ड डाउनलोड और जमा किया जा सकेगा। कक्षा तीसरी ईवीएस और कक्षा चौथी व पांचवी के लिए परीक्षा (अंग्रेजी, हिंदी, गणित और ईवीएस केवल पेन-पेपर (लिखित) आधारित होगी। एनुअल एससेस्मेंट के अंतर्गत आंकलन लिखित और निपुण हरियाणा टीचर एप के माध्यम से किया जाना है। सभी शिक्षक निपुण हरियाणा टीचर एप को नए वर्जन के अनुसार अपडेट करें। प्रत्येक आंकलन (लिखित, मौखिक और इंटरनल आंकलन) करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देश आंकलन के दिन एप्प में उपलब्ध होंगे। एप पर क्लास और विषय अनुसार एनुअल एसेस्मेंट का चयन करें।

# 'जीते जी रक्तदान, जाते-जाते नेत्रदान' की थीम को लेकर सृष्टि फाउंडेशन ने लगाया शिविर

- रक्तदान करने वालों के साथ हर जरूरतमंद की दुआएं रहती हैं साथ : डा. विवेक सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदात

सेवा सदन में रविवार को सृष्टि फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं की हौंसलाअफजाही संयोजक डा. विवेक सिंगला ने की। जबकि प्रधान प्रमोद बंसल ने रक्तदाताओं को सम्मानित करने का काम किया। शिविर संयोजक डा. विवेक सिंगला ने बताया कि सृष्टि फाउंडेशन संस्था द्वारा नेत्रदान को लेकर नयना कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अलावा संस्था समय-समय पर रक्तदान व शहीदों की शहादत को याद करते हुए कार्यक्रम आयोजित करती है। संस्था जीते जी रक्तदान, जाते-जाते नेत्रदान की थीम को लेकर लगातार काम कर रही है। डा. विवेक सिंगला ने कहा कि स्वस्थ्य व्यक्ति को जरूर रक्तदान करना चाहिए। इससे मरीजों को सहयोग होता है।

# जींद में एक महिला व दो युवती लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- विवाहिता दूसरी बार घर से भागी, दूध लेने के लिए गई युवती नहीं लौटी वापस

जिले में अलग-अलग स्थानों से एक महिला व दो युवतियों के लापता होने के मामले सामने आए हैं। विवाहित महिला तो दूसरी बार घर से लापता हुई है। संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पिल्लूखेड़ा के रजाना कलां निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि 11 मार्च को वह सुबह आठ बजे अपने घर से काम पर गया था। दोपहर बाद परिवारवालों का फोन आया कि उसकी पत्नी घर पर नही है। उसने अपने स्तर पर हर जगह तलाश किया लेकिन उसकी पत्नी का कहीं कुछ पता नहीं चला। घर आकर देखा तो अलमारी से कैश, आधार कार्ड और दूसरे जरूरी दस्तावेज अपने साथ ले गई। उसका अपनी पत्नी के साथ किसी तरह का झगड़ा भी नही हुआ है। एक बार पहले भी उसकी पत्नी जा चुकी है लेकिन उसे बरामद कर लिया था। दूसरे मामले में नरवाना की एक महिला ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी शनिवार को दोपहर बाद घर से गई थी लेकिन इसके बाद देर शाम तक वापस नही लौटी। उन्होंने अपने स्तर पर पता किया लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। उसकी बेटी एक मोबाइल नंबर पर बात कर रही थी और उन्हें शक है कि उस नंबर वाले युवक के साथ ही वह गई है। नरवाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तीसरे मामले में गढ़ी थाना पुलिस को दी शिकायत में एक महिला ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी 12वीं में पढ़ती है। शनिवार को वह मनरेगा के काम के लिए गई थी ।

जींद। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मजदूर नेता रमेश चंद्र। फोटो :हरिभूमि

### वन मजदूरों को आजतक भी नहीं मिला स्थायी रोजगार

**जींद।** वन मजदूर यूनियन का पांचवां सम्मेलन मजदूर भवन धागा मिल कॉलोनी में हुआ( सम्मेलन की अध्यक्षता प्रकाश सिंह लाठर व संचालन सेवा सिंह किया( सम्मेलन का उदघाटन सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने किया। उन्होंने भारत सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों की जमकर आलोचना की व आगामी खतरों से अवगत करवाते हुए कहा कि वन मजदूर देश व प्रदेश के वातावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ व पौधे लगाते हैं और उनकी सुरक्षा करते हैं लेकिन प्रदेशभर में इन मजदूरों का शोषण होता है। कई साल बीत जाने के बाद भी आजतक न्यूनतम वेतन, रोजगार की गारंटी भी नही मिली है। सम्मेलन में आगामी दो साल के लिए 13 सदस्यीय नई कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें बलदेव जिला प्रधान, रामेश्वर जिला सचिव, पालेराम को जिला कैशियर सर्वसम्मति से चुना गया। सम्मेलन के समापन के मौके पर यूनियन के राज्य प्रधान विजय शर्मा ने कहा कि आज की सरकारों के हमले लगातार मजदूरों पर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूनियन का राज्य सम्मेलन चार व पांच अप्रैल को रेवाड़ी में होगा। सम्मेलन को सीटू जिला उपप्रधान रमेश चंद्र, मनोज, मुकेश, नरेश आदि ने संबोधित किया।

- आगामी दो वर्ष के लिए बलदेव को जिला प्रधान मनोनित किया

# गो माता को दान की नहीं सम्मान की जरूरत : अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने जोशीमठ उत्तराखंड के ज्योतिष्पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज के गौरक्षा अभियान का समर्थन किया है। पत्रकारों से बातचीत में जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा ने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 34 दिनों से गौरक्षा के लिए प्रतीक्षा अभियान चलाकर सभी राजनीतिक दलों से पूछ रहे हैं कि वे गौरक्षा व संरक्षण के पक्ष में हैं या नहीं।

इसके लिए उन्होंने आज 17 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में कार्यक्रम रखा था और

विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अरविंद शर्मा।

उसकी सरकार व प्रशासन से विधिवत मंजूरी भी ली थी लेकिन सरकार ने कार्यक्रम से पहले ही उस मंजूरी को निरस्त कर दिया। अब शंकराचार्य 17 मार्च को दिल्ली में घूम-घूमकर राजनीतिक दलों के दफ्तरों के बाहर जाएंगे और उनका पक्ष जानेंगे। बड़ी चिंता का विषय है कि वक्फ बोर्ड को बचाने के आंदोलन को अनुमति मिल जाती है लेकिन गौहत्या बंदी के लिए शंकराचार्य को अकेले प्रतिक्षा की अनुमति भी नहीं मिल पाती। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने राजनीतिक दलों को गौ माता पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए 17 मार्च तक का समय दिया है। अगर इस मुद्दे पर उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिलता है, तो वे देशव्यापी अभियान चलाएंगे। अरविंद शर्मा ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति की मान बिंदू है। गाय बचेगी तो हम सब बचेंगे। आज गाय को दान की नहीं सम्मान की जरूरत है। गौ हत्या के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के द्वारा केवल वोट मांगे जाते हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं होता कि वे वास्तव में गाय के पक्ष में हैं या नहीं। राजनीतिक दलों को इस विषय में अपनी सपष्टा जाहिर करनी चाहिए।

जींद। रक्तदान शिविर में रक्तदान करने पहुंचे देवर, भाभी को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# रक्तदान करने से शरीर में नहीं आती कमजोरी : डॉ. राजेश खोथ

**जींद।** उचाना स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि के तौर पर उचाना सेवा ग्रुप के संस्थापक एवं एसडीएम हांसी डा. राजेश खोथ पहुंचे तो अध्यक्षता नायब तहसीलदार सुरेश कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंडी एसोसिएशन पूर्व प्रधान सत्यनारायण मखंड, विनोद भगत, सुरेश नैन पहुंचे। 120 यूनिट रक्तदान शिविर में हुआ। उचाना कलां सलीमदीन अपनी भाभी बिमला के साथ रक्तदान करने के लिए शिविर में पहुंचे। लाइफ केयर ब्लड सैंटर राज अस्पताल जींद द्वारा किया गया। डा. खोथ ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही होता है। रक्तदान स्वस्थ व्यक्ति को जरूर करना चाहिए। जीते-जीते रक्तदान, जाते-जाते नेत्र या देह दान करना चाहिए। समय की मांग है कि रक्त किसी फैक्टरी में नहीं बन सकता है ये तो मानव शरीर में बन सकता है।

**प्रतिभाएं** नरवाना के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सम्मानित

# हॉकी अस्मिता राज्य लीग में रोचक मुकाबले जूनियर वर्ग में जींद ने पानीपत को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हाकी अस्मिता राज्य लीग के तीसरे दिन बहुत ही रोचक मुकाबले हुए स्टेडियम इंचार्ज संदीप गोयत व रवींद्र ने बताया के जूनियर वर्ग का पहला मैच जींद व पानीपत के बीच हुआ जिसमें जींद ने पानीपत को 5ध0 से हराया। दूसरा मैच कुरुक्षेत्र व भिवानी के बीच हुआ जिसमें कुरुक्षेत्र की टीम ने भिवानी की टीम को 13ध0 से हराया। जूनियर वर्ग के तीसरा मैच हिसार व रोहतक के बीच हुआ जिसमें हिसार ने रोहतक को 5ध0 से हराया। आजाद क्लब के प्रधान भारत भूषण गुप्ता जी ने बताया के हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा के जब से बीजेपी की सरकार बनी है उसी दिन से हमारे खिलाड़ी पूरे विश्व में अपनी जीत का डंका बजा रहे है। हरियाणा के खिलाडिय़ों ने ओलिंपिक स्तर पर अपना परचम लहराया है। पिछले दिनों हुए नेशनल खेलो में हरियाणा के खिलाडिय़ों ने पदकों की झड़ी लगा दी।

जींद। खिलाडिय़ों से मिलते हुए। फोटो :हरिभूमि

### हर जिले में खोली जा रही खेल नर्सरियां

उन्होंने कहा कि नरवाना के नवदीप स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाएंगे। उन्होंने खिलाडिय़ों को सारी सुविधा देने की बात कही। उन्होंने बताया के हरियाणा सरकार ने हर जिले में नर्सरी स्टार्ट की है। उन्होंने विश्वाश दिलाया के नरवाना के खिलाडिय़ों को अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं देने का वादा किया। इस अवसर पर उन्होंने नरवाना के राष्ट्रीय ओर अंतर्राष्ट्रीय मेडल विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित किया। आल इंडिया सिविल सर्विसेज में मेडल विजेता कमलेश डीपी जसमेर पीटीआई सोनिया लिपिक जल कल्याण विभाग मुकेश शर्मा हरियाणा रोडवेज सचिन गोयत डीसी ऑफिस को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने शहीद भगत सिंह हॉकी क्लब को पांच लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की। इस अवसर पर रणदेव गोयत रोहतास शर्मा प्रवीण नैन राजबीर चहल अनिल मोर विनय अनिल नैन तेजपाल शर्मा रिछपाल शर्मा प्रमोद शर्मा उपस्थित रहे।

हांसी ब्रांच नहर रेलवे पुल के पास देर रात को हुआ हादसा

# रेलगाड़ी की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

- अवध असम एक्सप्रेस की चपेट में आए, डबल पटरी पर समझ नही पाए किस लाइन पर आ रही ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हांसी ब्रांच नहर रेलवे पुल के निकट बीती देर रात रेलवे लाइन पार करते समय रेलगाड़ी की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई और शवों को कब्जे में ले नागरिक अस्पताल पहुंचाया। राजकीय रेलवे पुलिस को शनिवार देर रात को सूचना मिली थी कि दिल्ली-बठिंडा रेलवे लाइन पर हांसी ब्रांच नहर रेलवे पुल के पास अवध-असम एक्सप्रेस रेलगाड़ी की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान उनकी जेब से मिले दस्तावेजों से हुई। मृतकों की पहचान इंदिरा कालोनी निवासी 18 वर्षीय दिनेश पुत्र चंद्रभान तथा गांव ईंटल कलां निवासी 55 वर्षीय सतबीर पुत्र हुकमचंद के रूप में हुई। सूचना पर रविवार सुबह परिजन नागरिक अस्पताल पहुंचे और दोनों की पहचान कर ली गई। मृतक सतबीर के बेटे अरुण ने बताया कि उसका पिता राजमिस्त्री का कार्य करता था। शनिवार सुबह वह शहर के लिए आया था। दिन में वह विश्वकर्मा कॉलोनी में रही भतीजी के पास गया था। मध्य रात्रि के बाद पुलिस से उन्हें घटना के बारे में पता चला। उधर, मृतक दिनेश के पिता चंद्रभान ने बताया कि दिनेश दुकान पर काम करता था। शाम को वह घूमने के लिए रेलवे लाइन की तरफ निकला था।रेलवे पुलिस के माध्यम से उन्हें घटना के बारे में पता चला। रेलवे पुलिस के जांच अधिकारी एएसआई गुरदेव सिंह ने बताया कि हादसा इतेफाकिया हुआ है। दोनों रेलवे लाइन को क्रॉस कर रहे थे। यहां डबल लाइन है।

जींद। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन।